सत्यमेव जयते
Government of India

Media Scanning & Verification Cell

Media alert from the Media Scanning & Verification Cell, IDSP-NCDC.

Alert ID	Publication Date	Reporting Date	Place Name	News Source/Publication Language
5910	25.05.2020	27.05.2020	Betul Madhya Pradesh	www.zeenews.india.com/Hindi https://zeenews.india.com/hindi/india/madhya-pradesh-chhattisgarh/bats-died-in-betul-in-madhya-pradesh-villagers-in-afraid-of-coronavirus/686397
Title:	**Bats died in Betul district, Madhya Pradesh**			
Action By CSU, IDSP –NCDC	Information communicated to DSU-Betul, SSU-Madhya Pradesh			

कोरोना संक्रमण के शुरुआत में चमगादड़ों को इसके लिए जिम्मेदार ठहराया जाता था. हालांकि, चिकित्सा जगत ने इस तरह की बातों की अब तक पुष्टि नहीं की है. लेकिन लोगों के बीच कोरोना के चमगादड़ों से फैलने की धारणा कायम है. क्योंकि सोशल मीडिया पर इस तरह की खबरें खूब प्रसारित हुई हैं और बहुत से लोग इन खबरों को सच मान बैठे हैं.

मध्य प्रदेश के बैतूल के भीमपुर ब्लॉक में चमगादड़ों पर किसी अज्ञात बीमारी का कहर टूट पड़ा है. यहां दर्जनों चमगादड़ों की मौत से ग्रामीणों में दहशत फैल गई है. बेहड़ा ढाना इलाके में नीलगिरी के पेड़ो पर लटके दर्जनों चमगादड़ मरने के बाद पेड़ो के नीचे बिखरे पड़े हैं. कई पेड़ों पर भी मृत अवस्था में हैं.

ग्रामीणों ने बताया कि यह सिलसिला बीते चार दिनों से चल रहा है. बेहड़ा ढाना में ग्रामीण चमगादड़ों की मौत को कोरोना से जोड़कर देखने लगे हैं. पंचायत ने चमगादड़ों की मौत के बाद वन और पशु चिकित्सा विभाग को इसकी सूचना दी है. पशु चिकित्सा दल ने चमगादड़ों के सैम्पल इकट्ठा कर जांच के लिए राजकीय प्रयोगशाला भोपाल भेजा है.पशु चिकित्सा अधिकारियों ने प्रारंभिक तौर पर चमगादड़ों की मौत का कारण तेज गर्मी और हीट वेव को बताया है. पशु चिकित्सा अधिकारियों ने अपनी शुरुआती जांच में पाया कि मृत मिले चमगादड़ों के शरीर पूरी तरह डिहाइड्रेट हो गए थे. इससे संभावना है कि इनकी मौत की वजह तेज गर्मी और पानी की कमी हो सकती है.

Save Water- Save Life, Save a tree- Don't print unless it's really necessary!

Disclaimer:- This is a media alert subject to verification.

Integrated Disease Surveillance Programme (IDSP), National Centre for Disease Control,
Ministry Of Health & Family Welfare, Government of India
22-Sham Nath Marg, Delhi – 110 054
For more information please contact: Media Scanning & Verification Cell: - Phone (011)23946029
Email: - idsp-msc@nic.in, idsp-npo@nic.in

Join us on http://www.facebook.com/pages/Media-Scanning-Verification-Cell-IDSPNCDC/137297949672921
https://twitter.com/MSVC1
स्वच्छ भारत एक कदम स्वच्छता की ओर